# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 31.01.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






# “मिशन शक्ति फेज-5.0” के तहत महोबा पुलिस की मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक-

प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे “मिशन शक्ति फेज- 05” के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 31.01.2025 महोबा पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।





## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार–

महाकुम्भ- 2025 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 30.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर श्री अवधेश कुमार मिश्र द्वारा गठित की गई उ0नि0 दिनेश कुमार यादव, उ0नि0 कन्हैयालाल पटेल व प्रशि0म0उ0नि0 निकिता शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 02 नफर वारण्टी अभियुक्तगण क्रमशः 1.पप्पू रैकवार उर्फ जयहिन्द पुत्र स्व0 महीपत उम्र 45 वर्ष 2.भरतलाल रैकवार पुत्र स्व0 महीपत उम्र 35 वर्ष निवासीगण मो0 बजरंग कॉलोनी कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा सम्बन्धित NBW केस नं0. 5044/23 मु0अ0सं0 121/22 धारा 325/323 भादवि0 में द्वारा माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपाल में अभियुक्तगण उपरोक्त को मो0 बजरंग कॉलोनी कस्बा व थाना श्रीनगर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम–

1. उ0नि0 दिनेश कुमार यादव
2. उ0नि0 कन्हैयालाल पटेल
3. प्रशि0म0उ0नि0 निकिता शुक्ला

### गिरफ्तार अभियुक्तगण–

1. पप्पू रैकवार उर्फ जयहिन्द पुत्र स्व0 महीपत उम्र 45 वर्ष निवासी मु0 बजरंग कॉलोनी कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा।
2. भरतलाल रैकवार पुत्र स्व0 महीपत उम्र 35 वर्ष निवासी मु0 बजरंग कॉलोनी कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा।



# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उ0प्र0 पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को पुष्पगुच्छ/मोमेन्टों प्रदान कर दी गई भावुक विदाई।

आज दिनांकः- 31.01.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा उ0प्र0 पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों की यादगार विदाई हेतु पुलिस कार्यालय में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उ0प्र0 पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, शॉल, उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा पुलिस सेवा में रहते हुये उनके द्वारा की गयी विभिन्न सराहनीय सेवाओं को याद करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य, सुखमय जीवन व उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाओं के साथ भावुक विदाई दी गयी।

**सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मी-**

**1.** उ0नि0 श्री वासुदेव दुबे

**2.** मुख्य आरक्षी सशस्त्र श्री मुन्ना लाल

उक्त विदाई समारोह के अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, प्रधान लिपिक श्रीमती शशि तोमर, पीआरओ श्री अरविन्द सिंह गौर सहित अन्य अधि./कर्म. मौजूद रहे ।











प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 31.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद के समस्त थानों में IGRS पोर्टल का कार्य देख रहे कर्मचारियों के साथ मीटिंग की गई। IGRS पोर्टल में हुए आंशिक संशोधनों के सम्बन्ध में ब्रीफ कर प्राप्त जनशिकायतों का मानक के अनुरुप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने के लिए दिए आवश्यक निर्देश-

माह फरवरी 2025 से IGRS पोर्टल में रैंकिंग के नियमों में आंशिक बदलाव किया गया है। जिसके क्रम में आज दिनांक- 31.01.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जिले के समस्त थानों में आईजीआरएस पोर्टल का कार्य देख रहे समस्त पुलिसकर्मियों के साथ गोष्ठी कर नये नियमों की जानकारी दी गयी है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा आईजीआरएस से सम्बन्धित शिकायतों का पुलिसकर्मियों को समय से निस्तारण करने के लिए निर्देश दिए गए हैं । बताया गया कि भूमि विवाद से सम्बन्धित शिकायत के निस्तारण के सम्बन्ध में राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर निस्तारित करने व भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों को समाधान दिवस रजिस्टर पर दर्ज करने और समाधान दिवस पर दोनों पक्षों को बुलाकर निस्तारण कराया जाए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि आईजीआरएस पोर्टल में प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जाँच मौके पर जाकर की जाये साथ ही हल्का प्रभारी व थाना प्रभारी द्वारा प्रत्येक दशा में पीडित से फीडबैक लिया जाए। उन्होंने पुलिस कार्यालय में अवस्थित आईजीआरएस कर्मियों को निर्देशित किया कि जनशिकायत के लम्बित होने व उनके निस्तारण का क्षेत्रवार व थानावार विवरण प्राप्त कर निरंतर समीक्षा की जाए। कहा कि प्रत्येक पीडित को उसकी शिकायत के सम्बन्ध में संतुष्ट करते हुए IGRS पोर्टल में हुए आंशिक संशोधनों के सम्बन्ध में ब्रीफ कर प्राप्त जनशिकायतों का मानक के अनुरुप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर, श्री दीपक दुबे, प्रभारी आईजीआरएस मनोज कुमार शुक्ला, पीआरओ अरविन्द सिंह गौर सहित थानों में आईजीआरएस पोर्टल को देख रहे समस्त अधि. एवं कर्म.गण मौजूद रहे।






@MahobaPolice